सकारात्मक- सूचनात्मक उपयोगी समाचार

डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ–153–2025–2027
RNI No. UPHIN/2009/31760
प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981

# हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर

केन्द्र सरकार, राज्य सरकार उत्तर प्रदेश, विद्युत विभाग से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत

श्रीकृष्णा भवन ( गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स) 283, वैस्टर्न कचहरी मार्ग, मेरठ। फोन: 0121-2641338 E-mail : shramshikhar@gmail.com

वर्ष 16 | अंक 47 विक्रम संवत 2081 मार्गशीर्ष कृष्ण तृतीया से मार्गशीर्ष कृष्ण नवमी | 18 नवम्बर सोमवार से 24 नवम्बर रविवार 2024 तक | पृष्ठ 04 | मूल्य 8रू/-

आनंद रामायण
YouTube Channel
@Shram Shikhar
@Sadbhavna Waves
WATCH SHARE & SUBSCRIBE
ऑनलाइन/ऑफलाइन कार्यक्रम कवरेज लाईव/ रिकॉर्डिंग उपलब्ध है।
M. 9219660359

शासन-प्रशासन जानकारियां

## मेरठ स्मार्ट पुलिसिंग की ओर टी.पी.नगर, गंगानगर के बाद सभी थाने मॉडल हो.....

### एक समय स्मार्ट पुलिसिंग की ओर मेरठ को ले जाने के लिए तैयार है।

मेरठ पुलिसिंग को ले जाने के लिए ट्रांसपोर्ट थाने को मॉडल थाने के रूप में उ.प्र. में संवारा गया था इस थाने को आधुनिक तकनीकी व स्वच्छता के साथ आने वाले पुलिस से मदद् के फरियादियों व थाना पुलिस को मूल भूत सुविधांओं की उपलब्धता व थाने में बंद होने वाले हवालातियों को बेहतर व्यवहार का वातावरण देने की बात कही गई थी।

अब एक बार पुन: मेरठ पुलिस प्रमुख विपिनवाडा की ओर से कहा गया है कि स्मार्ट पुलिसिंग की ओर मेरठ पुलिस सेवा ले जाने की पहल मॉडल पुलिस थाना बनाने हेतू गंगानगर मवाना रोड़ को चुना गया है। इस थाने में "जी सर मै। आपकी क्या सेवा कर सकती हूँ, बैठिएं आप अभी संबन्धित अधिकारी से सम्पर्क करेगें'' यह व्यवहार की आवाज सुनी जा सकेगी।

पूर्व मै तैयार हुए मॉडल थाना ट्रांसपोर्ट में आवाज व व्यवहार तो धीरे-धीरे ठंडे बस्ते में है गंगानगर थाने में यह आवाज कब शुरू होकर बंद होगी प्रतीक्षा तो करनी ही पडेगी।

मेरठ पुलिस प्रमुख का कहना है कि आम जन को सीधे पुलिस से जोड़ने का प्रयास ही बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था है। पुलिस व आम जनता में एक दूसरे के प्रति विश्वास का सद्भाव सीपना हो डर, शक व संदेह जैसी चीजें न हो इसके लिए ही थानों का स्वरूप बदलना ही मॉडल थाना व स्मार्ट पुलिसिंग है।

पुलिस प्रमुख का कहना है कि पहले चरण में मॉडल थाना शहर का गंगानगर बनेगा दूसरे चरण में ग्रामीण एक थाना ।

मॉडल पुलिस थाने में....

साफ-सुधरा आगतुक कक्षा जिसमें प्रथम दृश्यता सुनवाई फारियाद हेतू महिला पुलिस कर्मी की मौजूदगी होगी।

थाने में ठंडे पेय जल व चाय की व्यवस्था बैठने व प्रतीक्षा के लिए प्रर्याप्त सीन व संसाधन थाने में बातचीत हेतू इंटरनेट व फोन व्यवस्था, कम्प्यूटर व अन्य इलैक्ट्रोनिक समाधान की उपलब्धता प्रकाश व हवा आदि हेतू बिजली न रहने दर जनरेटर व इंवर्टर , चौबीस घंटे महिला पुरूष पुलिस कर्मी उपलब्धता, साइबर फ्रॉड व महिला उत्पीड़न के मामले की तत्काल सुनवाई व्यवस्था थाना पुलिस कर्मी हेतू साफ सुथरी मैस व बैरक पुलिस कर्मी स्वास्थ्य हेतू जिम, खेल व व्यायाम व्यवस्था मानवधिकार व कानूनों मदद की व्यवस्था थाने से संबन्धित अधिकारी पुलिस से कठिनाई पर शिकायत पुटिका में शिकायत में जन दर्ज करने की सुविधा होने की बात कही गई है सभी थाने विकसित होकर मॉडल बनाये जाने चाहिए ।

शिकायत-घटना में क्षेत्र व मानकों अनुरूप पुलिस बल की उपलब्धता का न होना।

आमतौर पर पुलिस थाने में आने वाले फारियादी को क्षेत्र में नही या फिट पुलिस फोर्स की कमी के बहाने से टरकाया जाता है। न कार्यवाही हो पाती है। इसका समाधान इस स्मार्ट पुलिसिंग व्यवस्था में मॉडल थाने में देखने को मिलेगा। या नही इसका उल्लेख नही है।

पहले से चल रहे पुलिस थाना भवन अधिकाशंत जर्जर व मूल भूत सुविधाओं से वांचित है। नये भवन टिकाऊ नही मॉडल थाने से अधिक जरूरी है। थाना भवन जो है उन्हें बेसिक सुविधा से वंचित है। नये भवन टिकाऊ नही मॉडल थाने से अधिक जरूरी है। थाना भवन जो है। उन्हें बेंसिक सुविधा युक्त बनाय जायें। भवन मरम्मत के साथ थानों में लगने वाले वाहन, माल आदि के लम्बें समय तक रहने से बनने वाले थाने के कबाडघर की स्थिति पहले सुधरें।

बेहतर हो थानावार पुलिस व ग्राम प्रधान या अन्य प्रतिनिधियों व गणमान्य संवाद व्यवस्था बनें। पुलिस व आम नागरिक के मध्य जन विश्वास सद्भावना सीपना के लिए थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान अन्य रूप के प्रतिनिधि व गणमान्य व्यक्तियों के साथ महीना में एक बार आपसी संवाद की व्यवस्था बनें एवं समस्या व सुझाव का आदान प्रदान हों, यह प्रयास भी स्मार्ट व मॉडल पुलिस का महत्वपूर्ण अंग हो सकता है।

– श्रम शिखर ब्यूरों..

Shram Shikhar Classifieds
Wish To Place An Advt. With Us
Email or Call Us
shramshikhar.co.in
shramshikhar@gmail.com
For E-Mail shramshikhar@gmail.com
Call Now 9690331338
क्लीसीफाइड एड फोन पर घर बैठे बुक करायें
9690331338
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर
ई-पेपर पायें 9690331338
सिर्फ एक SMS के माध्यम से

RR ADVERTISING SERVICES
Estd. 1979
OUTDOOR | PRINT | EVENT | SIGNAGE
FILM | AWARENESS PROGRAM | DIGITAL
All India & International
All type Newspaper
Ads. Booking
For Information Call Now!
0121- 2641338
+91 9690331338
rradvertisingmeerut.com
rradvertisingmeerut@gmail.com
Shri Krishan Bhawan,283, Opp. Shivlok Complex, Westurn Kutchery Road, Meerut-250001

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



EDUCATION
शिक्षा कार्य- शिक्षा संबन्धित जानकारियों और विभिन्न कोर्सो के विज्ञापन हेतू आवश्यकता/उपलब्धता




# जिन्दगी की नाव कैसी होती है.....

एक बहुत बड़े झेन सदगुरु लिंची कहा करते थे रू मैं जब युवा था तो मुझे नौका विहार का बहुत शौक था। मेरे पास एक छोटी सी नाव थी और उसे लेकर मैं अक्सर अकेला झील की सैर करता था। मैं घंटों झील में रहता था। एक दिन ऐसा हुआ कि मैं अपनी नाव में आंख बंद कर सुंदर रात पर ध्यान कर रहा था। तभी एक खाली नाव उलटी दिशा से आई और मेरी नाव से टकरा गई। मेरी आंखें बंद थीं, इसलिए मैंने मन में सोचा कि किसी व्यक्ति ने अपनी नाव मेरी नाव से टकरा दी है और मुझे क्रोध आ गया। मैंने आंखें खोलीं और मैं उस व्यक्ति को क्रोध में कुछ कहने ही जा रहा था कि मैंने देखा कि दूसरी नाव खाली है। अब मुझे कुछ करने का कोई उपाय न रहा। किस पर यह क्रोध प्रकट करूं? नाव तो खाली है! और वह नाव धार के साथ बहकर आई थी और मेरी नाव से टकरा गई थी। अब मेरे लिए कुछ भी करने को न रहा। एक खाली नाव पर क्रोध उतारने की कोई संभावना न थी। तब फिर एक ही उपाय बाकी रहा। मैंने आंखें बंद कीं और अपने क्रोध को पकड़कर उलटी दिशा में बहना शुरू किया। और वह खाली नाव मेरे आत्मज्ञान का कारण बन गई। उस मौन रात में मैं अपने भीतर, अपने केंद्र पर पहुंच गया। वह खाली नाव मेरा गुरु थी।

और फिर लिंची ने कहा, अब जब कोई आदमी मेरा अपमान करता है तो मैं हंसता हूं और कहता हूं कि यह नाव भी खाली है। मैं आंखें बंद करता हूं और अपने भीतर चला जाता हूं। इस विधि को प्रयोग करो। यह तुम्हारे लिए चमत्कार कर सकती है।

– ओशो
रजनीश भगवान

## Yoga & Health & VASTU Solutions with K.C.VERMA

### ध्यान में बैठने से पूर्व रेचन अनिवार्य

रेचन योग का प्राथमिक और महत्वपूर्ण चरण है। रेचन शरीर शुद्धि का एक उपाय है। रेचन का अर्थ है ध्यान में बाधा पहुंचाने वाले तत्वों को शरीर से बाहर फेंकना।

हम जरूरत से ज्यादा भोजन कर लेते हैं, तो हमारे शरीर में अनावश्यक तत्व इकट्ठा हो जाते हैं, जो ध्यान में बैठने में बाधा देते हैं। हम काम में, बातचीत या विचारों में उलझे होते हैं तो हमें पता नहीं चल पाता है, लेकिन जब हम ध्यान में बैठते हैं और शरीर विश्राम में जाता है, तब ये तत्व सक्रिय हो जाते हैं। तो कहीं खुजली चलती है, कहीं चींटी काट रही है, कहीं एंठन होने लगती है और कहीं दर्द होने लगता है। जबकि ध्यान में प्रवेश करने के लिए हमें कम से कम पैंतालीस मिनट से एक घंटे तक शांत और शिथिल यानि पूरी तरह से विश्राम में रहना जरूरी है

इसके लिए हमें श्रम करके, व्यायाम करके पसीना निकालकर ध्यान में बाधा पहुंचाने वाले इन तत्वों को शरीर से बाहर निकलना होगा। ताकि ध्यान में प्रवेश हो सके। यह है चमड़ी द्वारा पसीने का रेचन।

हमारे फेफड़ों में धूल और धुंए के कण जमा हो जाते हैं, जो हमारी श्वास को गहरा नहीं होने देते, तथा ध्यान में बैठने पर खांसी उठाकर बाधा पहुंचाते हैं। भस्त्रिका या कपालभाति प्राणायाम करके जब हम इन्हें बाहर निकल देते हैं, तो यह रेचन कहलाता है। ध्यान में प्रवेश के लिए फेफड़ों का शुद्ध होना बहुत जरूरी है। हमने अपने भावों का भी दमन किया है, उन्हें दबाया है। हमने रोना दबाया है। बहन जब ससुराल जा रही थी, बचपन से साथ खेलते हुए बड़े हुए थे, खूब रोने को दिल हुआ, लेकिन लोग क्या कहेंगे कि जवान आदमी होकर रोता है? इस भय से हम रो नहीं पाये हैं, और जब अपने किसी परिजन की मृत्यु पर हमें रोना आया तो लोगों ने ष्जवान आदमी होकर रोता है?ष ऐसा कहते हुए हमें चुप करवा दिया है। वह रूलाई बाहर निकलना चाह रही है, तभी तो भावुक और संवेदनशील मोकों पर हमारी आंखें भर आती है। हमने आंसुओं को रोका है, वे रुके हुए आंसू ध्यान में बाधा डाल रहे हैं, हमें उन आंसुओं को बाहर निकालना है, ताकि ध्यान में प्रवेश हो सके। आंसुओं को बाहर निकालना, यह है रेचन करना। हमने हंसना दबाया है। बड़ों के भय से हम कभी खुलकर नहीं हंसे हैं। हमेशा हंसने पर हमें टोक दिया गया है। कई बार तो हमें अपनी हंसी को बीच में ही रोक देना पड़ा है। वह दबी हुई, रूकी हुई हंसी ध्यान में बाधा डाल रही है। उसे बाहर निकालना होगा। हमें फिर से दिल खोलकर हंसना होगा, इतना हंसना होगा कि पेट दुखने लगे। यह हंसी को बाहर निकालना रेचन कहलाता है। हमने नृत्य को दबाया है। मधुर संगीत सुनकर हमारे पैर थिरकने लगे थे, और हमने ष्मुझे नाचना नहीं आताष कहते हुए अपने को रोक लिया है। वह दबा हुआ नृत्य बाहर आना चाहता है। हमें नाच कर उसे बाहर निकालना है ताकि हमारा ध्यान में प्रवेश हो सके। हमने क्रोध को दबाया है। जब भी हमें क्रोध आया तो हमारी मुठ्ठियां बंध गई थी, दांत भींच गए थे, हमारे पैर लात मारने को उतावले हो गए थे, यानि हमारे शरीर ने लड़ने की पूरी तैयारी कर ली थी, लेकिन हम कुछ भी नहीं कर पाए, क्योंकि जिस व्यक्ति पर हमें क्रोध आया वह हमसे बड़ा था, या कि हमसे शक्तिशाली था। अतः हमें क्रोध को वहीं रोकना पड़ा, दबाना पड़ा। वह दबा हुआ क्रोध ध्यान में बाधा डाल रहा है। क्रोध में मुठ्ठी भींचने पर जो उर्जा इकठ्ठी हुई थी, वह बाहर निकलना चाहती है। तभी तो हम उंगली में चाबी का छल्ला फंसाकर उसे घुमाने लगते हैं, रास्ते चलते छोटों पर धोल जमाने लगते हैं। और यह हमारे अंजाने ही होने लगता है। चलते हैं तो कंकड़ पत्थर को ठोकर मारते हुए चलते हैं, कुर्सी पर बैठते हैं तो हमारे पैर अनायास ही हिलने लगते हैं, क्रोध में लात मारने के लिए और नृत्य के समय नाचने के लिए जो उर्जा पैरों में उठी थी, वह उर्जा बाहर निकलना चाहती है।

इस तरह हमारे स्वभाव में चिड़चिड़ापन घुल जाता है और वह दबा हुआ क्रोध धीरे – धीरे हमारे दैनिक जीवन में निकलने लगता है और हम तनाव ग्रस्त रहने लगते हैं। दबे हुए इस क्रोध को, दबी हुई इस उर्जा को बाहर निकालना है, तभी हम ध्यान में प्रवेश कर सकेंगे।

परिवार और समाज के भय से हम अपने भावों को दबाते आए हैं। उन भावों को बाहर निकालना रेचन कहलाता है।जब तक हम इन दमित आवेगों को शरीर से बाहर निकल कर, शरीर को शुद्ध नहीं कर लेते,तब तक हमारा ध्यान में प्रवेश करना मुश्किल होगा।

सुबह व्यायाम करें, प्राणायाम करें। सुबह दौड़ने से बड़ा कोई योग नहीं है, इसमें गहरी श्वास से प्राणायाम भी हो जाता है और पसीना निकलने पर शरीर से ध्यान में बाधा पहुंचाने वाले तत्व बाहर निकल जाते हैं। ।

श्रम करें, पैदल चलना, लिफ्ट का प्रयोग नहीं करना। शाम को बच्चों के साथ कोई खेल खेलना। नृत्य करना। यानि शरीर को थकाना और पसीना निकालकर ध्यान में बाधा देने वाले तत्वों को बाहर निकालना।

इसके साथ ही जितना भोजन शरीर को चाहिए, उतना ही देना ताकि पुनः अनावश्यक तत्व शरीर में इकठ्ठा न हों

## हमारे बुजुर्ग-हमारी सम्पदा (मार्ग -दर्शक हमारे वरिष्ठ नागरिक)

वरिष्ठ नागरिक परिपक्व पुष्प है जिसकी सुगंध से समाज को उनके अनुभवों द्वारा लाभन्वित किया जा सकता हैं। क्योकि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक एक स्वयं संस्थान है । जिसके द्वारा युवा पीढ़ी मार्गदर्शन प्राप्त कर विकास के पथ पर अग्रसर होगी। वरिष्ठ नागरिक फोरम सद्भावनाा समिति मेरठ का मिशन है। कि मेरठ के सभी वरिष्ठ नागरिकों की रचनात्मकता का सदुपयोग हो इसके लिए प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक का परिचय पत्र बनायें जायेगा तथा प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को श्रम शिखर समाचार पत्र की वर्षिक सदस्यता प्रदान की जायेगी जिससे वे अपने अनुभव, रचनाएं (कविता, कहानी, लेख आदि) श्रम शिखर में प्रकाशन हेतू भेज सके।

## सुख की खोज. . . . .



सुख कहां ही खोजा हमनें,
कुछ मिला फिर चला गया है।
कभी-कभी लगता है ऐसा,
अन्जाने में चला गया।
सोचा पैसे में सुख होगा,
पैसे के पीछे भागा चला गया।
पहुंचा दौलत पाने का गुर
उनसे मांगा। किन्तु जब
देखा निकट से उनको नीद
नही आती थी उनको चैन नही कही जीवन में उनके,
पास में नोटों की थाली भी थी। जो मंदिर में रहते है,
कितना आनन्द ही है उनको, दो-चार मुखो
पर थी आया, जो के दृग से अणुओं से भरें।

ऊषा महेन्द्रि
अवकाश प्राप्त शिक्षिका

## अपनी बीमारी को भी स्वीकार करें.... सुनीता रानी जी

शरीर की बीमारी को तो हम स्वीकार करते हैं।
लेकिन मन की बीमारी को हम स्वीकार नहीं करते।
कोई कह दे कि आप लोभी हो। लोभ एक बीमारी है।
हम स्वीकार नहीं करते। कृष्ण कह रहे हैं ये एक ज्वर है।
पहली तो शर्त ये है कि बीमारी की तरह पहचाने इसे।
जिस दिन बीमारी की तरह पहचानेंगे, उसी दिन छुटकारा शुरू हो जाएगा।
जब क्रोध आएगा, आपको लगेगा कि बीमारी आती है।
हाथ ढीले पड़ जायेंगे। भीतर कोई चीज रुक जायेगी।
लेकिन क्रोध बीमारी नहीं है, हमारी अकड़ है।
लोभ, क्रोध, काम इनकी वजह से हम कुछ भी नही कर पाते।
हमारी सारी शक्ति इन छिद्रो से बह जाती है।
दीन हीन जो थोड़ी बहुत शक्ति बचती है, उस से हम किसी तरह
जिंदगी घसीट पाते हैं। हमारी जिंदगी आनंद नही बन सकती।
क्यूंकि आनंद सदा owerflowing मदमतहल है। जैसे नदी में बाढ़ आ जाए।
जैसे किनारे टूट जाए और नदी चारो तरफ नाचते हुए बहने लगती है।

मैं तो अब वृद्ध हो गया हूं।
क्या अभी भी संभव है कि समाधि को पा सकूं?
समाधि का कोई संबंध समय से नहीं है। आत्मा की कोई उम्र नहीं होती।
तो कैसा बुढ़ापा और कैसी जवानी। भीतर की कोई उम्र नहीं होती।
बाहर की उम्र होती है। देह बाहर के वस्त्र हैं।
ये दुनियां क्या, जादू का खिलौना है।
मिल जाए तो मिट्टी है, खो जाए तो सोना है!!
सब मृग मरीचकाएं हैं।


## चुटकुले भी इशारा है

टीचर- लड़कियां अगर पराया धन होती है तो लड़के क्या होते है??
गप्पू- सर चोर होते है!
टीचर – वो कैसे??
गप्पू- क्योकि चोरों की नजर हमेशा पराये धन पर होती है।



हसबैंड – डार्लिंग तुम खुबसूरत होती जा रही हो,
पत्नी किचन से- तुमने कैसे जाना ?
हसबैंड- तुम्हें देखकर तो अब रोटियां भी जलने लगी हैं।

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www.shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



+HEALTH+
स्वास्थ्य संबंधित जानकारियां और विभिन्न रोगों के उपचार विज्ञापन के हेतू आवश्यकता/उपलब्धता




# इलाहाबाद उच्च न्यायालय आदेश प्रधानपति के कार्य करने को हस्तो सहित करने महिला प्रधानों को अधिकार कर्त्तव्य प्रशिक्षित कराने को कहा

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सौरभ श्याम रामकिशोरी द्वारा जनहित याचिकाओं का निस्तारण करते हुए आदेश दिया कि प्रधानमंत्री के कार्य करने के चलन को हस्तोसहित किया जाएं एक उनके अधिकार एंव कर्तव्य का क म से कम तीन माह का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जाए।

यह आदेश उ.प्र. सरकार को दिया गया है ग्राम पंचायतो में ही ग्राम प्रधान प्रति के कार्य करने की प्रवृत्ति नही बढी हुई है। बल्कि नगर परिषद, पंचायत पालिका यहां तक की नगर निगमों में भी सदस्य पार्षद में महिलाओं के स्थान पर उनके पति या अन्य सगें संबन्धी परिजन के कार्य करने की घटनाएं आती रहती है।

इनके स्तर की कार्यवाही अशोभशीयता एंव अधिकार क्षेत्र को पार ही नही करती बल्कि इनके कार्य भष्टाचार व अनाचार तक पहुंचते रहे है।

सद्भावना समिति वरिष्ठ नागरिक फोरम ने उच्च न्यायलय के इस निर्देश का स्वागत किया है। अपेक्षा की है। कि प्रदेश सरकार इसका फोरम सदस्यों का मत है कि ग्राम प्रधानों विशेष रूप से महिलाओं को उनके पद के दायित्व व अधिकारों का ही प्रशिक्षण दिलाएं बल्कि जिस संस्था के लिए ग्राम पंचायतों, ब्लॉक, जिलापंचायत या नगर पंचायत, परिषद पालिका या नगर निगम के संबंध में प्रशिक्षित करने की व्यवस्था करें। फोरम के सदस्यों का तो यह भी मत है कि ग्राम पंचायत, सभा व अन्य जनप्रतिनिधि संस्थाओं उनमें जनता के अधिकार व उनके कर्त्तव्य के प्रति प्रशिक्षित करते रहने की निरन्तर व्यवस्था बनायें। जनता जागरूक रहेगी। तो उस संस्था के जनप्रतिनिधि व उसमें काम करने वाले असानी से जनता व उसके हित की योजनाओं से लाभन्वित करने में खिलवाड़ आसानी से न कर सकेगें।

सासंद–विधायक प्रतिनिधि भी तो फोरम के सदस्यों का मत है कि सांसद विधायक अपने एक से अधिक क्षेत्र प्रतिनिधि नियुक्त करते है। उनके द्वारा भी अनाधिकार चेष्टाएं होने की शिकायत



होती रहती है। बेहतर हो ऐसे प्रतिनिधियों के लिए दिशा–निर्देशा बनकर व आम जनता की जानकारी में भी दिए जाये।

ग्राम प्रधान हो या स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि उनके महिला सदस्य के पति या पुत्र व अन्य परिजन के बैठको में शामिल होने या अनके सीन पर अधिकारी वर्ग को आदेश निर्देश देने से रोकने हेतू समय–समय पर सरकारी स्तर से रोका जाता रहा है। परन्तु इसके बाद भी यह प्रयास रोके नही रूक रहा है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय स्तर से एक बार पुनः यह आदेश केवल आदेश बनकर रहता है। या इसका दिखने वाला अमल होता है। यह इतंजार रहेगा.

– श्रम शिखर ब्यूरो

## पर्यावरण-संदेश




प्रकृति ही है जो इस जिंदगी में
बिना स्वार्थ सेवा होती है
वरना इंसान तो अपने स्वार्थ के लिए
अपनों तक को नहीं छोड़ता !
प्रकृति से ही हर जीव की उत्पत्ति हुई
प्रकृति से ही हर प्राणी का अस्तित्व जुड़ा है !

REPAIRING BRANDS CREATING IDEAS
SHARM SHIKHAR
SHRI KRISHAN BHAWAN, WESTERN KUTCHERY ROAD, MEERUT- 250001
Whatsaap No. 9219660359, 9690331338
E-mail-shramshikhar@gmail.com

हमसे जुड़ने के लिए अपना नाम,, व्हाट्सऐप 9219660360 पर भेजिए।

श्रम शिखर
आपका अपना सहभागी अखबार

सार्वजनिक सम्पत्ति का सम्मान करें- नगर निगम मेरठ

सकारात्मक-सूचनात्मक उपयोगी समाचार प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
E-Paper :shramshikhar.com
केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग एवं भारतीय रेलवे से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत डाक- पंजीकरण संख्या-मेरठ 153.2025.2027 RNI No.UPHIN /2009/31760
साप्ताहिक अखबार श्रम शिखर श्रीकृष्ण भवन (लेन अपोजिट शिव लोक कॉम्पलैक्स), 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ, मो0 9219660359
प्रधान सम्पादक : सुनीता रानी 9897373736
प्रबन्धक : राकेश गुप्ता 9219660359
बिक्री प्रबन्धक : अश्विनी गुप्ता 9358402365
इंटरनेट प्रबन्धक : मेघा अग्रवाल 9219660359
संरक्षक : ब्रज भूषण 9457213164
कानूनी सलाहकार : दिनेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट :0121-2760145, 9720171549
मार्केटिंग टीम : 9219660359, 9411990449,
वरिष्ठ नागरिक संयोजक
श्री सुदेश चन्द्र शर्मा पुत्र पं0 होराम शर्मा 245 खारी कुंआ कोतवाली मेरठ, 8630180430
उ0प्र0 ब्यूरोचीफ : अभिलाष गुप्ता 9412203620 प्रभारी दिल्ली एवं महाराष्ट्र : मंजरी गुप्ता, 42 अनामिका अपार्टमेन्ट इन्द्रप्रस्थ विस्तार पटपड़गंज, नई दिल्ली-92
202, बाहर बिल्डिंग, दूरदर्शन हाउसिंग सोसाइटी, गोकुल धाम, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-63

## श्रमशिखर कार्यालय

मेरठ–श्रीकृष्ण भवन,283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। (0121–2641338) सद्भावना 68ए सांईपुरम, दिल्ली रोड, मेरठ। (9219660359), उत्तराखण्ड – श्री राजेश कुमार गुप्ता, श्री ओम वैष्णव भोजनालय,78 गांधी रोड, देहरादून (9411548998), गाजियाबाद–(09540018282), अमित कुमार, 705 सी टॉवर, सातवां तल, जी0एच0 1/1, सैक्टर 01, ग्रीन एक्सप्रेस, वैशाली गाजियाबाद,उ0प्र0 09560115905, दिल्ली– राखी मित्तल–एफ–1, त्रवेणी कॉम्पलेक्स शेख सराय फेस–1, न्यू दिल्ली–110017 मो0 9868511922 हरियाणा– राखी मित्तल, रीचमण्ड पार्क डीएलएफ, फेस–4, गुडगांव हरियाणा। मो0 9868511922 मुजफ्फरनगर– विजय बुक स्टोर, मेन रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर। फोनः 9897185208, 9152911899 दिल्ली– **Ankit Sisodia GF - 89, Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi-110065** श्रीमती रंजीता गर्ग, बी–120, शॉप नं.5, पांडव नगर दिल्ली मो. 9911808555 लखनऊ– अजय श्रीवास्तव, 3/20,विकास नगर लखनऊ फोन. 9335208218, मुम्बई–अचल गुप्ता, बी– 1603 सनटैक सिटी, गोरेगांव वेस्ट मुम्बई मो.20939916, सरधना–महेश गुप्ता, न्यूज पेपर एजेन्ट मौहल्ला –गुजरान,सरधना, मेरठ । श्रीमति नेहा गोयल फ्लैट नं0 1207 गोमेड ब्लॉक ''माई होम जैवल'' मदीनागुड़ा हैदराबाद 500049

## छात्रों के लिए अवसर स्वयं की खोज

**(स्वस्थ मन से स्वयं का विकास, समृद्धि मिलेगी एवं समाज व राष्ट्र को विकास मिलेगा)**

नाम.................................................उम्र ......................कक्षा ......................... हस्ताक्षर/ ..............................

पिता का नाम/ फोन..........................................................................................................

घर का पता......................................................................................................................

स्कूल का नाम/पता .........................................................................................................

प्रधानाचार्य का नाम/फोन.................................................................................................

स्वयं का विवरण :–

- क्या अच्छा लगता है?.............................................................................
- क्या इच्छा/चाहते हो?............................................................................
- स्वास्थ्य कैसा है?...................................................................................
- स्कूल में परीक्षा परिणाम.........................................................................
- परिवार का स्वास्थ्य ...............................................................................
- घर पर कौन पढ़ाता है?...........................................................................
- घर पर माता/पिता कितना साथ रहते है...................................................
- भाई–बहन/दादा–दादी/चाचा–चाची अन्य का विवरण.................................
- अच्छा दोस्त ..........................................................................................
- अच्छा शिक्षक.........................................................................................
- स्कूल की विशेषता...................................................................................
- आप जैसा कौन/कहां है?.........................................................................
- आपकी विशेषता......................................................................................
- तनाव कब/कैसा होता है?........................................................................

स्वयं की खोज में पहला कदम आपको जीवन यात्रा में प्रेरणा बनेगा ।
अधिक जानकारी के लिए अतिरिक्त कागज का प्रयोग कर सलग्न कर सकते है।
इस फार्म को भरकर विद्यालय/सद्भावना समिति कार्यालय में जमा करा सकते है।
सद्भावना वैलनेस कार्यक्रम, सद्भावना समिति (पंजी०), श्रीकृष्ण भवन, 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ
**सौजन्य से- डॉ. अरूण मित्तल , ज्वालापुरी दिल्ली रोड़, मेरठ**

## छात्र/छात्रा/शिक्षक/अभिभावक लिए अवसर

### रखें ख्याल, अपने दांतो का

- दिन में दो बार ब्रश करें, सोने से पूर्व एवं उठने पर ।
- कुछ भी खाने के बाद कुल्ला अवश्य करें।
- पानी पीते रहें।
- समय–समय पर डॉक्टर से जांच करवायें।
- परिवारों एंव संबधित दांतो की जांच
- छात्र/छात्रा परिवार एंव शिक्षिको दांतो की जांच के लिए अवसर
- दांतो से स्वास्थ्य प्रभावित होता है। आप फार्म भरकर, प्रत्येक बृहस्पतिवार को फोन
- पर पूर्व निर्धारित समय पर मिलें।
- 2024 में प्रभावित है।
- छात्र/छात्राओं एंव अध्यापकों को फीस में 75 प्रतिशत की छूट ।
- अभिभावक परिवारजन को फीस में 50 प्रतिशत की छूट।
- सभी छूट श्रम शिखर में प्रकाशित फार्म पर या विद्यालय के आई कार्ड पर

**सद्भावना वैलनेस की ओर से ऑफर .......**

**डॉ. विवेक मित्तल** ( बी.डी.एस., एस. आई. एम. एस. ) **शकुन डेन्टल हैल्थ क्लीनिक**

पता– 615, ज्वालापुरी, नाला रोड़, माधवपुरम क्रांसिग हनुमान मंदिर, दिल्ली रोड़, मेरठ
समय पूर्व निर्धारित के लिए मो. 9997153212

छात्र/अभिभावक/अध्यापक..........................................................कक्षा ...............दिनाकं.............
स्कूल का नाम/पता ..................................................................................................
अभिभावक माता/पिता का नाम.................................................................................
निवास पता...............................................................................................................
प्रधानाचार्य का नाम/फोन...........................................................................................


(स्कूल का आई–कार्ड या आधार कार्ड की फोटो कॉपी सलंग्न करें)

नोटः अपने दांतो का महत्व उपयोग अनुभव पर लेख लिखें । गुणवत्ता के आधार पर सभी को पुरस्कार किया जायेगा।

डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ
153-2025-2027 RNI No. UPHIN/2009/31760

मालिक, प्रकाशक, मीना भूषण ने मुद्रक प्रिटिंग – इम्प्रेशन्स प्रिटिंग – पैकेजिंग लिमिटेड, 164/1, मोहकमपुर, दिल्ली रोड़, मेरठ– 250002 से मुद्रित कराकर श्रीकृष्ण भवन, गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड मेरठ से प्रकाशित किया।
सम्पादकः सुनिता रानी
प्रबन्धकः राकेश गुप्ता
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों एवं लेख के चयन एवं सपांदन हेतु जी. आर.वी. एक्ट के अर्न्तगत उत्तर दायी समस्त विवाद मेरठ न्यायालय के अधीन ही होगें।

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



MATRIMONAL
वैवाहिक परिचयः- वैवाहिक विज्ञापन में कार्य समूह और आर. एच. फैक्टर जांच कराकर प्रकाशित करायें। यह जन्मपत्री के साथ विज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिलान है आवश्यकता/उपलब्धता

